आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 10.07.2024
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :—</u>

- जम्मू—कश्मीर के कठुआ आतंकी हमले में शहीद उत्तराखण्ड के पांचों जवानों को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।
- मंगलौर और बदरीनाथ विधानसभा सीट पर मतदान संपन्न। 13 जुलाई को होगी मतगणना।
- चमोली जिले के पातालगंगा के समीप भारी भूस्खलन से बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद।
- शिक्षा विभाग में जल्द ही विभिन्न संवर्ग के 11 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

<u>शहीद—अंतिम यात्रा</u>

जम्मू—कश्मीर के कठुआ में सोमवार शाम हुए आतंकी हमले में शहीद पांचों जवानों के पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गए। शहीदों को उनके पैतृक घाटों पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। हर जगह गगनभेदी नारों के बीच सैकड़ों लोग नम आंखों के साथ शहीदों की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। गौरतलब है कि आतंकवादियों ने घात लगाकर सैनिकों के वाहनों पर हमला किया था, जिसमें 22वीं गढ़वाल राइफल्स के जवान रुद्रप्रयाग जिले के कांडाखाल निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह रावत, पौड़ी जिले के लैंसडौन निवासी हवलदार कमल सिंह, रिखणीखाल निवासी राइफलमैन अनुज नेगी, टिहरी जिले के कीर्तिनगर ब्लॉक के थाती डागर निवासी राइफलमैन आदर्श नेगी और चौंद जसपुर गांव के नायक विनोद सिंह शहीद हो गए थे। पांचों शहीदों के पार्थिव शरीर मंगलवार शाम देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर लाए गए थे, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत समेत कई नेताओं और सैन्य अधिकारियों ने उन्हें पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

<u>उपचुनाव</u>

चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर आज उपचुनाव संपन्न हो गया। समाचार लिखे जाने तक बदरीनाथ सीट पर 47 दशमलव छह—आठ प्रतिशत और मंगलौर सीट पर 67 दशमलव दो—आठ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अंतिम आंकड़े आना अभी शेष है। चुनाव परिणाम 13 जुलाई को घोषित किए जांएगे।

बदरीनाथ सीट से चार और मंगलौर सीट से छह प्रत्याशी उपचुनाव में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। बदरीनाथ सीट पर भाजपा के राजेंद्र भंडारी, कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी और निर्दलीय उम्मीदवार नवल किशोर खाली चुनावी मैदान में हैं।

वहीं मंगलौर सीट पर भाजपा ने करतार सिंह भड़ाना, कांग्रेस ने क़ाज़ी मोहम्मद निजामुद्दीन और बसपा ने उबेर्दुर रहमान को अपना प्रत्याशी बनाया है। दीपक कुमार, विजय कुमार कश्यप और सादिया ज़ैदी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस वर्ष मार्च में कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के इस्तीफा देने और भाजपा में शामिल होने के बाद बद्रीनाथ विधानसभा सीट खाली हो गई थी। वहीं, पिछले साल अक्टूबर में बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद मंगलौर सीट खाली है।

## राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस

राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस पर चंपावत जिले में मत्स्य गोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से आए मत्स्य पालकों ने प्रतिभाग किया। किसानों को कार्यक्रम में वैज्ञानिक विधि से मछली पालन की जानकारियां दी गयी। जिले के प्रभारी मत्स्य अधिकारी कुँवर सिंह बगडवाल ने बताया कि जिले में 348 प्रगतिशील मत्स्य पालक हैं, जो कि ग्रासकार्प, कॉमन कार्प, व सिल्वर कार्प मछलियों का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज जिले के विभिन्न स्थानों पर बने अमृत सरोवरों में भी मत्स्य बीज डाले गए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत पौड़ी जिले के कोट ब्लॉक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुछियाली के उच्चीकरण को मंजूरी दे दी है। मुछियाली उपकेन्द्र के उन्नयन से नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण से लेकर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिये दृढ़ संकल्पित है।

## भूस्खलन

चमोली जिले में बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाताल गंगा लंगसी सुरंग के पास भारी भूस्खलन के बाद यातायात अवरुद्ध हो गया है। बद्रीनाथ यात्रा पर जाने वाले सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने के लिए कहा गया है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग कल सुबह जोशीमठ के पास भूस्खलन से अवरूद्ध हो गया था, जिसके बाद से बदरीनाथ यात्रा अवरूद्ध है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में आने वाले दिनों में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है।

## भर्ती

शिक्षा विभाग में जल्द ही विभिन्न संवर्ग के 11 हजार रिक्त पदों को भरा जायेगा। इसके लिए शिक्षामंत्री धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये हैं। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉक्टर रावत ने विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और समग्र शिक्षा में लम्बे समय से विभिन्न सवंर्गों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए हैं। शिक्षामंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग के तहत विभिन्न संवर्गों में लगभग 11 हजार पद रिक्त चल रहे हैं हैं, जिन्हें वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भरा जायेगा।

## निधन

केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत का कल रात उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 68 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार कल रूद्रप्रयाग जिले में स्थित उनके पैतृक स्थान पर किया जाएगा। शैला रानी रावत केदारनाथ विधान सभा सीट से दो बार की विधायक थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायक शैला रानी रावत के निधन पर शोक जताते हुए पार्टी के लिए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा–125 के अन्तर्गत एक मुस्लिम महिला को अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। न्यायाधीश बी0 वी0 नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने इस मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें एक व्यक्ति ने धारा–125 सी आर पी सी के अन्तर्गत अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता देने संबंधी निर्देश के विरूद्ध याचिका दायर की थी।

पीठ ने यह भी आदेश दिया कि आवेदन लम्बित रहने के दौरान अगर महिला को तलाक दिया जाता है तो वह विवाह अधिकार संरक्षण संबंधी 2019 के अधिनियम का सहारा ले सकती हैं। पीठ ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा। पीठ ने यह भी कहा कि 2019 के अधिनियम के तहत उपाय सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उपाय के अतिरिक्त है।

डेंगू रोकथाम–तैयारियां

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश में डेंगू के प्रसार को रोकने की तैयारियों का आकलन करने के लिए अपने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री नड्डा ने कहा कि मंत्रालय डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए योजनाएं तैयार कर रहा है और राज्यों के साथ मिलकर काम भी कर रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय चौबीसों घंटे डेंगू हेल्पलाइन शुरू करेगा। राज्यों से अगले 4–5 दिनों में ऐसी हेल्पलाइन शुरू करने को कहा गया है। श्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय बेहतर समन्वय और योजना बनाने के लिए शिक्षा, आवास और शहरी विकास जैसे मंत्रालयों के साथ अंतर–क्षेत्रीय और अंतर–विभागीय बैठकें करेगा। श्री नड्डा ने केंद्रीय अस्पतालों को डेंगू उपचार वार्ड, समर्पित प्रबंधन और चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता तैयार करने के निर्देश दिए हैं और राज्यों को स्कूलों के लिए दिशानिर्देश जारी करने को भी कहा है।

आवेदन

बागेश्वर जिले में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केंद्र में छह माह के निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए योग्य उम्मीदवार 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी ने बताया कि एससी, एसटी, पिछड़ी जाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 12वीं पास 30 वर्ष तक के युवा इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी प्रमाण पत्र, अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र और एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना पंजीकरण करा सकते हैं।